


सोनू सूद ने दिया अपना ऑफिस और खिला रहे खाना

पेज 2



कुछ नहीं है मेरे हाथ में आदित्य रावल

पेज 3



टीवी की खबरें

पेज 4

सहारा sunday
अंगना
रविवार • 19 अप्रैल • 2020

एक साहिर लुधियानवी इतनी गुस्ताखियां

■ अल्पना कांडपाल

फिलहाल निर्माता-निर्देशक संजय लीला भंसाली ने गीतकार और शायर साहिर लुधियानवी पर फिल्म बनाने का इरादा छोड़ दिया है। वह अन्य महिला चरित्र गंगूबाई पर फिल्म *गंगूबाई काठियावाड़ी* बनाने में मशगूल है। बताते हैं कि संजय लीला भंसाली पिछले पांच सालों से इस शायर पर फिल्म बनाने की कोशिश कर रहे थे। इस प्रोजेक्ट को, भंसाली के दिल के काफी करीब भी बताया जा रहा था। बावजूद इसके कि कथित साहिर लुधियानवी बायोपिक के एक्टरों के बारे में अफवाह उड़ती रही, इस प्रोजेक्ट को फिल्म के लेखक और निर्देशक के पंख नहीं लग सके। कुछ ऐसा ही साहिर बायोपिक वाले दूसरे प्रोजेक्ट के साथ भी हुआ।





प्रोजेक्ट की मनहूसियत

यह प्रोजेक्ट हमेशा से मनहूसियत से घिरा रहा है। शुरू में साहिर लुधियानवी पर फिल्म का निर्माण **अर्शी** दुआ करने वाली थी। शाहिद कपूर या इरफान खान से साहिर की भूमिका के लिए संपर्क किया गया था। प्रियंका चोपड़ा को अमृता प्रीतम की भूमिका में फाइनल बताया गया था। लेकिन बाद में प्रियंका ने फिल्म छोड़ दी। साहिर लुधियानवी का परिवार भी इस प्रोजेक्ट के खिलाफ था। फिल्म के निर्माता विक्रम मल्होत्रा को यह प्रोजेक्ट फायदेमंद नही लगा। बताते हैं कि उस समय निर्माता फिल्म में साहिर और अमृता की भूमिका के लिए फवाद खान और सोनाक्षी सिन्हा को लेना चाहते थे। कहने का मतलब यह कि एक साहिर, गुस्ताखियां कई।









जसमीत की पहली फिल्म

इसे गुस्ताखियां नहीं तो और क्या कहा जाए कि 2013 में यह ऐलानिया बता दिया गया कि साहिर पर फिल्म में पंजाबी कवियत्री अमृता प्रीतम की भूमिका करीना कपूर करेंगी। अलबत्ता करीना के साहिर के तौर कोई शाहिद कपूर या इरफान खान नहीं बल्कि फरहान अख्तर का नाम आया था। इसके बावजूद, इस प्रोजेक्ट पर आगे काम नहीं शुरू हो सका। इस फिल्म के निर्माता के तौर पर अर्शी दुआ और निर्देशक के रूप में जसमीत रीन का नाम आया। यह जसमीत की बतौर निर्देशक पहली फिल्म होती।

विवाद साथ-साथ

जिस समय अर्शी दुआ, इरफान खान के साहिर के साथ प्रोजेक्ट पर आगे बढ़ रही थी, उन्हें अमृता प्रीतम के परिवार वालों की तरफ से कानूनी नोटिस मिला। अमृता प्रीतम के परिवार के लोग चाहते थे कि अमृता को उनकी कविताओं से जाना जाए, न कि उनकी निजी जिन्दगी से। परन्तु फिल्म के निर्माता इस फिल्म को बनाने के लिए आमादा थे। उन्होंने इरफान खान के साथ प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाया। फिल्म में उनकी अमृता प्रीतम प्रियंका चोपड़ा को बनाया गया। इससे अमृता प्रीतम के परिवार को खासी निराशा हुई। दीगर है कि पहले प्रोजेक्ट से प्रियंका चोपड़ा बाहर हुई। बाद में इरफान खान भी फिल्म से दूर हो गए।





शाहरुख बाहर, अभिषेक अंदर

जब साहिर लुधियानवी बायोपिक संजय लीला भंसाली के पास गई, तब लगा कि अब बात बड़ी तेजी से आगे बढ़ेगी। लेकिन उनके प्रोडक्शन में तो साहिर एक्टर बदलने का सिलसिला बन गया। शुरू में ऐसा लगा था कि बायोपिक फिल्म में साहिर की भूमिका इरफान खान या पाकिस्तान के एक्टर फवाद खान करेंगे। फिर यकायक, संजय लीला भंसाली ने अपने प्रिय देवदास एक्टर शाहरुख खान को साहिर बनाने का ऐलान कर दिया। यह वह समय था, जब शाहरुख *हैरी मेट सेजल* और *जीरो* में काम कर रहे थे। उस समय यह भी खबर थी कि शाहरुख खान के साहिर की अमृता प्रीतम प्रियंका चोपड़ा होंगी। हालांकि *डॉन 2* के बाद, शाहरुख खान और प्रियंका चोपड़ा के बीच जो दूरिया बनी थी, उसे देखते हुए ऐसा मुमकिन नही लग रहा था। ऐसा हुआ भी। जब संजय लीला भंसाली ने साहिर लुधियानवी बायोपिक का टाइटल *गुस्ताखियां* का ऐलान कर दिया था, उसके बाद ही शाहरुख खान फिल्म से निकल गए। उनकी जगह अभिषेक बच्चन ने ले ली थी। हालांकि, इस खबर की भी पुष्टि नहीं हुई थी। वैसे अगर यह फिल्म बनती तो अभिषेक बच्चन और प्रियंका चोपड़ा *ब्लफमास्टर, दोस्ताना* और *द्रोण* के बाद चौथी बार जोड़ी बनाते।

अभिषेक बच्चन का साहिर

संजय लीला भंसाली के प्रोडक्शन में, अभिषेक बच्चन के साहिर बनने का एपिसोड लम्बे समय तक चला। खबर थी कि अभिषेक बच्चन ने *गुस्ताखियां* का साहिर बनने के लिए तैयारियां तेज कर दी थी। इसके लिए वह अपने पिता अभिनीत और साहिर के लिखे गीतों वाली फिल्मों के गीतों को खूब सुन रहे थे। *कभी-कभी* और *त्रिशूल* ऐसी ही फिल्में थी। संजय लीला भंसाली के प्रोडक्शन में खास बात थी कि इस फिल्म के निर्देशक के तौर पर जसमीत रीन अंतिम थी। अलबत्ता, अभिषेक की नायिकाएं बदल रही थी। एक वक्त तो दीपिका के बाद ऐश्वर्या राय बच्चन के अमृता प्रीतम बनने की अफवाह भी उड़ने लगी थी। परन्तु *गुलाब जामुन* की तरह फिल्म में भी यह जोड़ी बन नही सकी। इसके बाद, भंसाली के कैंप में तापसी पन्नू की एंट्री की खबर भी उड़ी। तापसी ने अभिषेक बच्चन के साथ फिल्म मनमर्जियां की थी। परन्तु यह खबर तापसी के पीआर की कारस्तानी साबित हुई।

बाकी 3 पर....

छोड़ी प्रियंका ने संजय की *गुस्ताखियां*

प्रियंका चोपड़ा ने संजय लीला भंसाली की फिल्म *गुस्ताखियां* छोडने की गुस्ताखी की। इसे लेकर दो कहानियां हैं। पहली तो यह कि प्रियंका इस फिल्म को लेकर काफी उत्तेजित थी। वह फिल्म की अमृता प्रीतम बनना चाहती थी। लेकिन इसके साथ ही वह फिल्म की निर्माता के तौर पर भी शामिल होना चाहती थी। उन्होंने अपनी यह इच्छा भंसाली को बताई भी थी। लेकिन संजय नही चाहते थे कि प्रियंका उनके प्रोडक्शन से जुड़े। अपने प्रस्ताव पर संजय का ठंडा रुख देख कर प्रियंका चोपड़ा की फिल्म के प्रति रुचि खत्म हो गई। उन्होंने संजय लीला भंसाली से बता दिया कि वह किसी ऐसी फिल्म में काम करना नहीं चाहेंगी, जिसमे वह लीड नहीं होंगी। दूसरी कहानी यह है कि प्रियंका चोपड़ा की हिंदी फिल्म *जय गंगाजल* असफल हो गई थी। लेकिन अमेरिकी सीरीज *क्वान्टिको* ने उन्हें दुनिया भर में मशहूर कर दिया था। उन्हें हॉलीवुड की कुछ फिल्में भी ऑफर हो रही थी। इस समय तक, वह हॉलीवुड की दो फिल्में पूरी भी कर चुकी थी। इसलिए बॉलीवुड में कोई दिलचस्पी नही रह गई थी। वह बॉलीवुड को समय नहीं दे सकती थी।

दीपिका पादुकोण की गुस्ताखी

यह वह समय था, जब भंसाली के कैंप से एक के बाद एक अफवाहें फैल रही थी। प्रियंका के फिल्म से निकल जाने के बाद, *गुस्ताखियां* की अमृता प्रीतम संजय लीला भंसाली फिल्मों की *लीला, मस्तानी और पद्मावती* दीपिका पादुकोण के बनने की खबर आई। जिस प्रकार संजय लीला भंसाली और दीपिका पादुकोण के बीच केमिस्ट्री बन गई थी, उससे ऐसा लगता था कि दीपिका भंसाली की लगातार चौथी फिल्म *गुस्ताखियां* में दूसरी बार अभिषेक बच्चन के साथ जोड़ी बनाएगी। इन दोनों की पहली एक साथ फिल्म आशुतोष गोवारिकर निर्देशित *खेले हम जी जान से* थी। *पद्मावत* 2018 में रिलीज हुई और भंसाली के साथ दीपिका की लगातार तीसरी हिट फिल्म साबित हुई। इसके बावजूद *गुस्ताखियां* के ऐलान के बजाय दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की शादी का ऐलान हुआ।

लेडी कबीर सिंह बनने की इच्छा

जान्हवी कपूर

धड़क **के बाद जान्हवी कपूर के पास फिलहाल फिल्में ही फिल्में हैं। वह कार्तिक आर्यन के साथ *दोस्ताना 2*, राजकुमार राव के साथ *रूही अफजा, गुंजन सक्सेना द कारगिल गर्ल* बायोपिक और मल्टी स्टारर *तख्त* में आलिया भट्ट, रणवीर सिंह, विक्की कौशल के साथ काम कर रही हैं। जान्हवी से हुई खास बातः**

■ दीप्ति नायडू

कोरोना वायरस से डर रही हैं?

मुझे सेट पर जाकर काम करना हमेशा से पसंद है लेकिन शूटिंग बंद होने के बाद मैं भी घर पर रह कर अपना काम कर रही हूं। पब्लिक से कहना है कि इस बीमारी से घबराएं नहीं बल्कि बताये गये नियमों का सख्ती से पालन करें। जरूरत न हो तो बाहर न निकलें। घर पर बैठ कर काम करें। मैं उन सभी लोगों को बधाई देना चाहती हूं, जो इस विपत्ति के खिलाफ दिन रात काम कर रहे हैं।

घर पर खाली समय कैसे व्यतीत कर रही हैं?

इन दिनों मैंने जाना कि मुझे लिखना पसंद है। हमने लॉकडाउन से थोड़ा पहले सेल्फ आइसोलेशन शुरू कर दिया था। तब तक मेरे लिये एक हफ्ता हो चुका था। मैंने यह भी जाना कि मैं अभी भी अपनी मां की खुशबू उनकी ड्रेसिंग रूम में महसूस कर सकती हूं। मैंने यह भी सीखा कि मैं असल जीवन में अच्छी पेंटर हूं। यही नहीं, मेरी वहन खुशी निश्चित रूप से कूल सिस्टर है।

अपकमिंग फिल्मों को लेकर कितनी उम्मीदें हैं?

मैं अपनी आने वाली फिल्मों को लेकर बहुत ज्यादा एक्साइटेड हूं। इस बार मैंने अपना सब कुछ लगा दिया है क्योंकि मुझे ऐसा एहसास होता है कि कहीं न कहीं बहुत मेहनत करने के बाद भी मैं *धड़क* से लोगों का दिल नहीं जीत पाई। मैं उससे निराश नहीं हूं। वास्तव में जितना मैंने सोचा था, इस फिल्म ने उससे अधिक दिया है।

***तख्त* के बारे में क्या कहना चाहेंगी?**

यह फिल्म ऐसी पृष्ठभूमि में बुनी गई है, जो मुझे बचपन से ही अपनी ओर खींचती आई है। मुझे *पाकीजा, उमराव जान, मुगल-ए-आजम* जैसी फिल्में हमेशा से ही पसंद रही हैं। मुझे मुगल इतिहास में बहुत दिलचस्पी है। इस फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिये सपने जैसा है।


किस तरह के रोल करना चाहती हैं?

शाहिद कपूर ने जिस तरह *कबीर सिंह* की भूमिका निभाई है, वैसी ही लेडी कबीर सिंह बनकर निभाने की इच्छा रखती हूं। चाहती हूं कि फीमेल एक्टर्स को भी अलग तरह के रोल्स मिलें। मुझे लगता है कि स्क्रीन पर महिलाओं के उन्मुक्त किरदार भी होने चाहिए। उन्हें किसी इमेज में बांधना नहीं चाहिए। ■



सोनू सूद
ने दिया अपना ऑफिस और खिला रहे हैं खाना

बॉलीवुड फिल्म अभिनेता सोनू सूद ने घातक कोरोना वायरस से लड़ रहे डॉक्टरों, नर्सो और पैरा मेडिकल स्टाफ सहित स्वास्थ्य कर्मियों के ठहरने के लिए मुंबई के अपने जुहू होटल में व्यवस्था की है। सोनू सूद के लिए देश भर में चिकित्सा कर्मचारियों के साथ दृढ़ता से खड़ा होना महत्वपूर्ण है, क्योंकि ये लोग सबसे आगे खड़े हो कर कोरोनोवायरस से युद्ध लड़ रहे हैं और देश को बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। इसके अलावा सोनू सूद ने अब जरूरतमंदों की मदद के लिए विशेष भोजन और राशन अभियान भी शुरू कर दिया है। उन्होंने अपने दिवंगत पिता, शक्ति सागर सूद के नाम पर यह पहल की। जिसका उद्देश्य मुंबई में दैनिक आधार पर पैंतालीस हजार से अधिक लोगों को भोजन कराना है। इस भोजन और राशन ड्राइव को शक्ति अन्नदानम कहा जा रहा है । यह उनके दिल के बहुत करीब है। यह पहली बार नही है जब सूद ने अपने पिता के नाम पर जनता की मदद की है। इससे पहले भी उन्होंने अलग-अलग गुरुद्वारों में लोगों को भोजन कराया है।




साइन लैंग्वेज में भी
मुस्कुराएगा इंडिया

कोरोना वायरस के प्रकोप से जूझ रहे देश को उत्साहित करती अक्षय कुमार और जैकी भगनानी की संयुक्त पहल *मुस्कुराएगा इंडिया* की पहल की प्रधानमंत्री ने भी सराहना की है। इसे समाज के सभी वर्गो ने भी बहुत सराहा। देश की एकता की भावना और आशा का संचार करने वाले इस गीत को इंडियन सिंगिंग हैड्स नामक समूह ने वधिर लोगों तक पहुंचाने के लिए सांकेतिक भाषा में दोबारा तैयार किया है। अक्षय कुमार और उनके साथ जैकी भगनानी का इस प्रेरणादायक गीत को बनाने के पीछे भयंकर महामारी की आशंका से जूझ रहे लोगों में आशा का संचार करना तो था ही यह विचार भी था कि इससे होने वाली पूरी आय, पीएम-केयर्स और महाराष्ट्र सीएम रिलीफ फंड को दान दी जायेगी। इस गानें में अक्षय कुमार, जैकी भगनानी, टाइगर श्रॉफ, कृति सेनन, आयुष्मान खुराना, कार्तिक आर्यन, भूमि पेडनेकर, विक्की कौशल, राजकुमार राव, सिद्धार्थ मल्होत्रा, कियारा आडवाणी, अनन्या पांडे, तापसी पन्नू, शिखर धवन, और रकुल प्रीत नजर आ रहे हैं। गानें को विशाल मिश्रा ने संगीत देने के साथ साथ अपनी आवाज भी दी है। इस गीत को कौशल किशोर ने लिखा है।

प्रज्ञा कपूर व शाहरुख बांट रहे हैं खाना

लॉकडाउन के इस कठिन समय में बहुत से लोगों को बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए परेशानियों का सामना कर रहे हैं। इस मुश्किल के दौर में पर्यावरणविद प्रज्ञा कपूर जरूरतमंदों की मदद के लिए सामने आई हैं। उनका *एक साथ* फाउंडेशन जरूरतमंदो को खाना उपलब्ध करवा रहा है। उनकी इस पहल को मीर फाउंडेशन के माध्यम से बॉलीवुड स्टार शाहरु ख खान से समर्थन मिला है। प्रज्ञा कपूर के फाउंडेशन *एक साथ* और शाहरुख खान के मीर फाउंडेशन ने मिलकर मुंबई में कम से कम एक महीने के लिए साढ़े पांच हजार से अधिक परिवारों के दैनिक भोजन की आवश्यकता को करने का फैसला किया। इतना ही नहीं वे घर और अस्पतालों की मदद के लिए हर दिन दो हजार लोगों के लिए ताजा पकाया भोजन भेजने के लिए रसोईघर भी स्थापित करेंगी। इसके अलावा एक साथ, शाहरु ख खान की रेड चिलीज एंटरटेनमेंट, कोलकाता नाइट राइडर्स और मीर फाउंडेशन के सहयोग से कई लोगो की अन्य जरूरतों को भी पूरा करेंगी।



उर्वशी
को हस्तकला का सहारा

अक्षय खन्ना और बॉबी देओल के साथ निर्देशक जोड़ी अब्बास-मुस्तान की फिल्म *नकाब* से फिल्म डेब्यू करने वाली मॉडल अभिनेत्री उर्वशी शर्मा को हिंदी फिल्मों में अपेक्षित सफलता नहीं मिली। 2012 में, उर्वशी ने उद्योगपति के बेटे और अभिनेता सचिन जोशी से विवाह कर लिया। विवाह के बाद, उर्वशी ने अभिनय तो छोड़ दिया लेकिन समय बिताने के लिए हस्तकला के क्षेत्र में रुचि लेनी शुरू कर दी। उर्वशी शर्मा ने मोमबत्ती बनाने और कढ़ाई करने का नया शौक अपनाया। वह इस समय मोमबत्ती और फूल बनाने, कढ़ाई, बुनाई और मोती पिरोने का काम कर रही हैं। उर्वशी ने अपने पति सचिन जोशी के साथ 2012 में बिग ब्रदर फाउंडेशन को गैर-लाभकारी पहल के रूप में स्थापित किया था। इस संस्था द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों और महिलाओं के सशक्तिकरण के खास कार्य किये जाते हैं। संगठन ने कोरोना वायरस की महामारी के कठिन समय में देश भर में खाद्य पदार्थ वितरण कर जरूरतमंदों की मदद करने की पहल की। उर्वशी का इरादा अपने द्वारा बनाई गई कलाकृतियों को बेच कर ज़रु रतमंदों के लिए धनराशी जुटाने का है।

कोरोना योद्धाओं से कार्तिक का कोकी पूछेगा

बॉलीवुड के युवा अभिनेता कार्तिक आर्यन से हमेशा ही किसी अप्रत्याशित की उम्मीद की जाती है। उन्होंने कोरोना वायरस के खिलाफ युद्ध में देश के प्रधान मंत्री की मदद के लिए पीएम केयर्स में 1 करोड़ की धनराशी देने का ऐलान किया था। कार्तिक आर्यन अभिनीत फिल्मों में उनके मोनोलोग काफी चर्चित रहे है। कार्तिक आर्यन ने अपनी इसी विशेषता का उपयोग सामजिक सन्देश देने में भी किया है। उन्होंने कोरोना वायरस से लड़ने के लिए सामाजिक दूरी यानि सोशल डिस्टेंसिंग का महत्व बताने के लिए 2 मिनट 24 सेकंड लम्बे मोनोलॉग कोरोनास्टॉपकरोना जारी किया। सोशल मीडिया पर कार्तिक का यह सन्देश देखते ही देखते वायरल हो गया। यहां तक कि प्रधानमंत्री ने भी ट्विटर पर इस सन्देश के बारे में बात की। अभिनेता ने जनता के लिए बड़ा कदम उठाया। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा किया, जो उनके यूट्यूब चैनल पर उनकी नई श्रृंखला की झलक देता है। कोविद19 के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए, कार्तिक आर्यन अपने आधिकारिक यू ट्यूब चैनल *'कार्तिक आर्यन- बेबी स्टेप्स'* पर नया शो लेकर आ रहे है। श्रृंखला को कोकी पूछेगा नाम दिया गया है। यह कार्तिक का उपनाम है, जो उनके प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर उन्हें दिया है। इसमें आर्यन वास्तविक जीवन के कोरोना योद्धा नायकों, डॉक्टरों, पुलिसकर्मियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और घातक वायरस से लड़ने और जीवित रहने वाले लोगों का साक्षात्कार लेंगे।



वीडियो कॉल पर *एक विलेन* के सीक्वल की तैयारी

फिल्म *मलंग* की हालिया सफलता के बाद इस फिल्म के निर्माता और अभिनेता मोहित सूरी और आदित्य रॉय कपूर ने 2014 की ब्लॉकबस्टर फिल्म, *'एक विलेन'* के सीक्वल के लिए हाथ मिलाया। फिल्म में अपने किरदार की तैयारी के लिए, आदित्य कोई कसर नही छोड़ रहे हैं। वह अपने डायरेक्टर मोहित सूरी की मदद से फिल्म के सीक्वल के लिए तैयारियां शुरू कर चुकें हैं। उम्मीद की जा रही है कि फिल्म की शूटिंग 2020 की दूसरी छमाही में शुरू होगी। भारत में कोरोना आने से कुछ हफ्ते पहले आदित्य, मोहित के साथ अपने फार्महाउस पर थे। उन्होंने यहां सीक्वल की स्क्रिप्ट और अपने किरदार के बारे में भी चर्चा की। लॉकडाउन के बाद, मोहित और आदित्य अपने-अपने घरों से अलग-अलग काम कर रहे हैं। दोनों एकदूसरे को रोज वीडियो कॉल करते हैं और फिल्म के किरदार और प्लॉट की बारीकियों पर चर्चा करते हैं। *एक विलेन* के सीक्वल में जॉन अब्राहम, आदित्य रॉय कपूर, दिशा पाटनी और तारा सुतारिया प्रमुख भूमिका में हैं।



संक्रमण से बचाने की गुहार है *नइया पार करोना*

वैश्विक महामारी से जूझ रहे लोगों के साथ अपनी भावनाएं व्यक्त करने के लिए सब लोग अपनी अपनी प्रकार से कुछ न कुछ कर रहे हैं। इसी कड़ी में अभिनेता परितोष त्रिपाठी भी हैं। उन्होंने गीत लिखा है, जो कि सिर्फ गीत ही नहीं है एकप्रकार की प्रार्थना है। यह ईश्वर से प्रार्थना है कि इस मुसीबत को संसार से दूर कीजिये। इस गीत के म्यूजिक वीडियो का शीर्षक है *नइया पार करोना*। इसके गायक और संगीतकार बृजेश शांडिल्य है और म्यूजिक वीडियो का कांसेप्ट और निर्देशन कुणाल हृदय ने किया है। इस विडियो के गीत को परितोष त्रिपाठी ने लॉक डाउन के दौरान लिखा। कोरोना वायरस की वजह से सब कुछ बंद हो गया लोग अपने घरो में कैद गए है। सभी की हालत बहुत खराब हो रही होगी। इसी बात को सोचते हुई परितोष ने इस प्रार्थना गीत को लिखा है। इसे लिखने के बाद परितोष ने इस गीत के बोल गायक बृजेश शांडिल्य को फोन करके सुनाये। बृजेश को बोल अच्छे लगे और तय पाया गया कि इस गीत को प्रार्थना के रूप में बनाया जाएगा। इस प्रार्थना गीत के म्यूजिक वीडियो का कांसेप्ट और निर्देशन कुणाल हृदय ने किया। खास बात है कि इस गीत को पूरी सावधानी और सोशल डिस्टिन्संग का ध्यान रखते हुए पूरा किया गया है। म्यूजिक वीडियो *नइया पार करोना* डिजिटल मीडियम पर रिलीज हो गया है।

पंकज त्रिपाठी
का प्रशंसकों से संवाद



बॉलीवुड की तमाम हस्तियां अपनी अपनी तरह से लॉकडाउन के भावनात्मक प्रभावों से निपटने और अपने प्रशंसकों का मार्गदर्शन करने की कोशिश कर रही है। जहां कुछ हस्तियां अपने फिटनेस शेड्यूल के बारे में बताते हैं, वही अन्य अपने प्रशंसकों से उनकी रचनात्मक सलाह के बारे में बात कर रहे हैं। पंकज त्रिपाठी ने अपने प्रशंसकों के साथ जुड़ने का सबसे अनूठा तरीका अपनाया है। पंकज त्रिपाठी ने अपने फेसबुक पेज पर श्रृंखला शुरू की है, जिसमे वह अपने स्वयं के अनुभवों से जुडी ऐसी कहानियों को सुनाते है, जिन्होंने उनके जीवन के दृष्टिकोण को बदल दिया। वह अपनी बचपन की यादों को साझा करते है। ये ऐसी कहानियां है, जिन्होंने उनके दिमाग पर अमिट छाप छोड़ी है। ऐसी कहानियों में से एक में, पंकज बताते है कि कैसे ट्रेन और उसकी आवाज उनके बचपन के दिनों की यादों को ताजा करती है। उस दौरान, ट्रेन की आवाज उनके लिए घड़ी का काम करती थी। इस श्रृंखला में वह अपने से जुडी हर चीज की याद करते है, जिससे वह अपने लक्ष्यों के प्रति और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित हुए। लॉकडाउन के समय, अपने माता-पिता से मीलों दूर, अपनी पत्नी और बेटी के साथ घर में रह रहे पंकज स्वीकार करते है कि अब माता-पिता के साथ का पहले से कही अधिक महत्व समझने लगे है।

■ अल्पना



कृष-4 को स्क्रिप्ट का इंतजार


बलीवुड में फिल्मों के पार्ट वन, पार्ट 2, पार्ट 3 बनने में देर नहीं लगती है। ऐसे में साल 2019 में *सुपर 30* और *वॉर* जैसी बैक टू बैक हिट देने वाले ऋतिक रोशन की अपकमिंग फिल्म पर सभी की निगाहें हैं। *वॉर* के बाद रोशन का नाम कई सारी फिल्मों के साथ जोड़ा गया है लेकिन खबर है कि उनकी फिल्म का पार्ट 4 आने वाला है। हाल ही में उन्होंने इंटरव्यू में बताया था कि, वह अब अपने आपको एक्टर के तौर पर चौलेंज करना चाहते हैं। इसलिए दमदार स्क्रिप्ट का इंतजार कर रहे हैं। ऋतिक के फैंस को *कृष 4* का बेसब्री से इंतजार है। खबर आयी है कि जल्द ही यह बन सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक राकेश रोशन ने दावा किया है कि वह लॉकडाउन खत्म होते ही फिल्म *कृष 4* पर काम करना शुरू कर देंगे। रोशन ने यह भी बताया है कि वह ऋतिक के अपोजिट फिल्म में एक्ट्रेस की कास्टिंग को जल्द ही अंतिम रूप देने वाले हैं।

भूत बनीं श्रद्धा कपूर

साबित हुईं मददगार



श्रद्धा कपूर ने कोरोना मुंबई के कोरोना वरियर्स पुलिस महकमे की हौसला अफजाई की है। दरअसल मुंबई पुलिस ने ट्विटर पर पोस्टर जारी किया। इसमें लोगों से घरों के भीतर रहने और लॉकडाउन के पालन की अपील की गई है। यह पोस्टर श्रद्धा की हॉरर-थ्रिलर फिल्म *स्त्री* से इंसपायर्ड है। इस मूवी में श्रद्धा ने भूतिया किरदार निभाया था। एक्ट्रेस ने कोरोना के खिलाफ लड़ाई में 24 घंटे जुटी पुलिस की हौसला अफजाई की और इस पोस्टर को अपना अप्रूवल दिया। मुंबई पुलिस ने *स्त्री* मूवी के डॉयलॉग को ट्विस्ट दिया है। पुलिस ने हैशटैग एवरी स्ट्रीट सेव नाम से ट्वीट किया। इसमें यह संदेश दिया कि कोरोना वायरस को हराने का एक ही मंत्र है कि हर सड़क को सुरक्षित रखा जाए। यह बाहर घूमने की जगह नहीं है। इसमें जो फोटो इस्तेमाल की है, उसमें लिखा गया है- *ओ कोरोना कभी मत आना*। इस फोटो का लुक और मैसेज स्त्री मूवी की तरह ही है। मूवी में मैसेज दिया गया था- *ओ स्त्री कल आना*। पुलिस महकमे ने इस मैसेज को थोड़ा ट्विस्ट दे दिया और इस ट्विस्ट को श्रद्धा ने अपना अप्रूवल दिया। श्रद्धा ने ट्वीट को री-ट्वीट कर लिखा- *बिल्कुल*। मैसेज के साथ थम्स अप, क्लैपिंग और हार्ट के इमोजी भी शेयर किए। कोरोना से लड़ाई के दौरान श्रद्धा कपूर कई बार पुलिस के काम की तारीफ कर चुकी हैं। उनके अलावा कटरीना कैफ, अक्षय कुमार, विकी कौशल और अन्य लोगों ने भी पुलिस महकमे की बिना थके काम करने की तारीफ की है। कई अभिनेताओं ने इस महामारी के दौरान मुश्किल में आए लोगों की मदद के लिए दान और राहत सामग्री पहुंचाने जैसे कदम भी उठाए।



कंगना घटा रही हैं वजन

कंगना इन दिनों अपनी फैमिली के साथ मनाली में हैं। फैमिली को वक्त देने के साथ-साथ वह अपनी फिटनेस पर भी खासा ध्यान दे रही हैं। कंगना ने अपना 5 किलो वजन कम कर लिया है। वजन कम करने के लिए कंगना इन दिनों घर पर ही इंटेंस वर्कआउट कर रही हैं। कंगना के फिटनेस ट्रेनिंग का वीडियो उनकी टीम ने सोशल मीडिया पर शेयर किया। वीडियो को शेयर करते हुए लिखा कंगना से प्रेरित होइए, मोटिवेटेड रहिए और आलसपन हावी मत होने दीजिए। कंगना के पास डेढ़ महीने हैं, उन्हें 20 किलो वजन कम करना है ताकि वह *धाकड़* के किरदार में ढल सकें। कंगना ने पिछले वीडियो में बताया था कि वह 52 किलो की थीं लेकिन उनका वजन 70 किलो तक जा पहुंचा, जिसे उन्हें कम करना है। पिछले कुछ समय से फिल्म *थलाइवी* के लिए शूटिंग कर रही थीं। इस फिल्म में वह जयललिता का किरदार निभा रही हैं। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है, अब कंगना अपनी अगली फिल्म *धाकड़* की तैयारी के लिए ही वजन कम कर रही हैं। *धाकड़* में वह कई एक्शन सीन्स करती नजर आएंगी। *धाकड़* एक्शन थ्रिलर फिल्म हैं। इसका निर्देशन एड मेकर रजनीश घई कर रहे हैं। यह दिवाली 2020 पर रिलीज होगी।

वेब सीरीज *पंचायत*

यूट्यूब चैनल पर *द वायरल फीवर* वीडियोज से फेमस हुए जीतेंद्र कुमार वेब सीरीज *पंचायत* के साथ अमेजन प्राइम वीडियो पर चल रही है। *पंचायत* का निर्देशन दीपक कुमार मिश्रा है। *शुभ मंगल ज्यादा सावधान* में नजर आ चुके जीतेंद्र और नीना गुप्ता भी हैं। सीरीज में इन दोनों के अलावा रघुबीर यादव, फैजल, चंदन राय भी हैं। फैजल सीरीज के प्रोड्यूसर भी हैं। *पंचायत* की कहानी है इंजीनियर अभिषेक त्रिपाठी बड़ी नौकरी करना चाहता है लेकिन अब वह गांव फुलेरा का पंचायत सचिव है। शहर का लड़का छोटे से गांव में नौकरी करने पहुंचता है और गांव के हालात से मुलाकात मजेदार तरीके से है। सीरीज में गांव की प्रधान मंजू देवी का किरदार निभा रहीं नीना गुप्ता ने कहा कि इस प्रोजेक्ट में काम करना शानदार रहा।

भाया शाहरुख का डायलॉग

लाकडाउन से बचने के लिए तरह-तरह के उपाय किये जा रहे है। सितारे भी लोगों को लगातार जागरुक कर रहे है। लोगों को वायरस से बचने के लिए कई तरीके बता रहे हैं। अब इसी कोशिश के तहत मुंबई पुलिस ने वीडियो शेयर किया, जिसमें खास मैसेज है। दरअसल, पुलिस ने ऑफिशियल ट्विटर एकाउंट पर शाहरुख खान का फनी वीडियो शेयर किया। ये वीडियो शाहरुख की फिल्म *मैं हूं ना* का है, जिसमें प्रोफेसर सतीश शाह, शाहरुख खान से बात करते समय आदतन थूक देते हैं। इससे बचने के लिए शाहरुख स्टंट करते हैं। वीडियो को शेयर करते हुए पुलिस ने लिखा, *इशाहरुख खान को अब ऐसे स्टंट करने की जरूरत नहीं है... मास्क है ना..*! इस मजेदार वीडियो को शेयर करके पुलिस ने सभी से मास्क लगाने की अपील की। ये अंदाज लोगों को खूब पसंद आ रहा है। हर कोई इस पहल की तारीफ करते हुए, उनके इस ट्वीट पर जमकर प्रतिक्रिया देता हुआ नजर आ रहा है। इसमें शाहरुख खान को भी टैग किया गया है।



■ प्रवीण कुमार

कुछ नहीं है मेरे हाथ में

आदित्य रावल

परेश रावल के बेटे आदित्य रावल का भी स्टार किड में जुड़ गया है। अनुराग कश्यप के को-प्रोडक्शन में बन रही फिल्म *बम्फाड* से जो बॉलीवुड में कदम रख चुके हैं। आदित्य का डिजिटल डेब्यू हुआ है। इसमें उनके अपोजिट शालिनी पांडे नजर आएंगी। उनसे हुई बात:



आपका बैकग्राउंड फिल्मी है। क्या इसी वजह से आपने भी फिल्मों में ही अपना कॅरियर बनाने का फैसला किया?

सच कहूं तो मैं बचपन से ही फुटबाल खेलता था। इसी खेल में मेरी दिलचस्पी थी लेकिन कई बार पापा से मिलने के लिए सेट पर जाया करता था। वहीं से मेरे मन में भी अभिनय करने का विचार आया। जो आगे चलकर बढता चला गया।

क्या तैयारी की?

मैं थियेटर करता रहा। विदेश में इंग्लिश थियेटर किया। न्यूयार्क में स्टडी की। इस बारे में बहुत कुछ जाना। इसके बाद इंडिया आकर आशुतोष गोवारिकर के साथ राइटिंग में मदद करने लगा। जो उन दिनों फिल्म *पानीपत* बना रहे थे।

डेब्यू के लिए डिजिटल माध्यम को ही क्यों चुना?

हालांकि मैं थियेटर में आने वाली फिल्म के जरिये दर्शकों के सामने आना चाहता था लेकिन इस बीच कैरोना की वजह से लॉकडाउन हो गया। ऐसे में डिजिटल के जरिए सामने आना पड़ा।

क्या वर्कशॉप भी करनी पड़ी?

जी हां, फिल्म शुरू करने से पहले उसके साथ एक महीने की वर्कशाप ही रखी।

***बम्फाड* के मायने क्या हैं?**

दरअसल यह किरदारों को बयान करता है। यह नर्थ इंडिया में यूज़ किया जाने वाला शब्द है, जिसका मतलब विस्फोट करने वाला होता है।

पिता परेश रावल से भी आगे आपकी तुलना की जाएगी?

मेरे पिता शानदार अभिनेता हैं। उन्हें इतनी सफलता मिली है कि मुझे इस बात का डर ही नहीं है कि लोग उनसे मेरी तुलना करेंगे। क्योंकि मुझे पता है कि मैं उनके आसपास कहीं भी नहीं ठहरता हूं। मेरे पिता अपने कॅरियर में बहुत आगे हैं। भले ही वह बेहतरीन एक्टर्स हैं लेकिन अगर आप मुझमें उनकी एक्टिंग खोजेंगे तो वह आपको नहीं मिलेगी। मैं जो करता हूं, उसे इंजॉय करने की कोशिश करता हूं। बाकी मेरे हाथ में कुछ नहीं है।

फिल्म के बारे में बताएंगे?

मुझे रोमांचक फिल्म का हिस्सा बनने का मौका मिला है। हालांकि फिल्म की प्रेरक शक्ति प्रेम कहानी है लेकिन इसकी कई और परतें हैं। मैं इंडस्ट्री में अभिनेता के रूप में अपनी पहचान बनाना चाहता हूं और नसीर जमाल का किरदार निभाकर अपनी यात्रा शुरू करने को लेकर बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं।

ऐसा चरित्र है, जिसे पढ़ते ही मैं इसकी तरह आकर्षित हो गया। मुझे उम्मीद है कि लोग फिल्म को जी5 पर बड़े पैमाने पर देखेंगे। मैं उनकी प्रतिक्रिया जानने के लिए उत्सुक हूं।

स्टार किड के टैग के साथ मिलने वाले दबाव के लिए भी तैयार हैं?

फिल्म उद्योग में सफल लोगों के बच्चों के तौर पर हमें बहुत सारे फायदे भी मिलते हैं। ऐसे में हम ट्रेड के बारे में जानते हैं। अगर ये फायदे मिलते हैं तो आपको अतिरिक्त स्क्रूटनी और अतिरिक्त दबाव के लिए तैयार रहना चाहिए।

■ श्याम शर्मा

पेज एक का शेष....


एक साहिर ...

विराम से पहले



गुस्ताखियां पर विराम लगाने से पहले की खबर यह थी कि संजय लीला भंसाली को अपनी गंगूबाई आलिया भट्ट में अमृता प्रीतम भी दिखती हैं। उन्हें लगता था कि आलिया भट्ट काफी परिपक्व हो चुकी है। संजय ने आलिया भट्ट के साथ गंगूबाई पर काम करने के दौरान उनमे ग्रोथ होते देखी थी। उन्हें ऐसा लगता था कि आलिया में अब किरदार समझने की इतनी अच्छी समझ विक्सित हो चुकी है कि वह साहिर की अमृता को परदे पर पूरी संजीदगी से उतार सकती है। सूत्रों का कहना था कि खुद आलिया भट्ट भी साहिर बायोपिक को करना चाहती हैं।

तीन अभिनेत्रियों ने ठुकराई बायोपिक



संजय लीला भंसाली की *गुस्ताखियां* बनेगी, क्या आलिया भट्ट ही फिल्म की अमृता प्रीतम होंगी? ध्यान रखना होगा कि आलिया भट्ट संजय लीला भंसाली की पहली पसंद नहीं थीं। संजय इस भूमिका के लिए प्रियंका चोपड़ा, परिणीति चोपड़ा और दीपिका पादुकोण को अप्रोच कर चुके थे। परिणीति चोपड़ा ने तो प्रियंका के इंकार को देखते हुए फिल्म से किनारा कर लिया था। तीनों ही एक्ट्रेसेज ने यह कह कर ऑफर ठुकरा दिया कि यह रोल दमदार नहीं है। यह देखना दिलचस्प होगा कि जब *गुस्ताखियां* बनेगी, तब क्या भंसाली की *गंगूबाई काठियावाड़ी* आलिया को इस फिल्म में अपनी भूमिका दमदार नजर आएगी!

साहिर पर सीरीज

अगले साल 8 मार्च 2021 को साहिर लुधियानवी की जन्मशती है। इस मौके को मनाने के लिए रैनबॉक्स स्टूडियोज का इरादा साहिर लुधियानवी पर वेब सीरीज बनाने का है। इसके उन्होंने किताब साहिर लुधियानवी *द पीपलस पोएट* के पटकथा रूपांतरण के अधिकार लेखक अक्षय मनवानी से खरीद लिए है। देखने वाली बात होगी कि साहिर की जन्मशती पर कोई फिल्म रिलीज हो या न हो, रैनबॉक्स की यह सीरीज प्रसारित होगी या नही!

■

संजय गगनानी की अपील - घर बैठो इंडिया

ज़ीटीवी का शो *कुंडली भाग्य* अपनी शुरुआत से ही भारतीय टेलीविजन का टॉप शो रहा है। धीरज धूपर (करण), श्रद्धा आर्य (प्रीता), संजय गगनानी (पृथ्वी), अभिषेक कपूर (समीर), अंजुम फकीह (सृष्टि) और मनित जौरा (ऋषभ) जैसे शानदार कलाकारों के अलावा दिलचस्प कहानी के साथ, इस शो ने हमेशा अपने दर्शकों को टीवी स्क्रीन से बांधे रखा है। इस शो में स्मार्ट और चालाक पृथ्वी (संजय गगनानी) अक्सर शातिर योजनाएं बनाते रहते हैं, जिससे इसमें कई रोमांचक मोड़ आते हैं। लगता है कि पर्दे पर ही नहीं अफस्क्रीन भी यह एक्टर पक्के मास्टरमाइंड हैं। वह समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी संबंध में उन्होंने सभी भारतीयों से विशेष अपील करने के लिए कुछ टीवी सेलिब्रिटीज को साथ लाया है। उन्होंने इन सभी सितारों के साथ मिलकर *घर बैठो इंडिया* नाम का गाना रिलीज किया है, जिसमें लोगों को कोविड-19 संक्रमण के दौरान घर पर सुरक्षित रहने को कहा जा रहा है। संजय के अलावा इस गाने में निशांत मलकानी, अदिति शर्मा, अविनेश रेखी, पूनम प्रीत, सुनैना फौजदार, अनेरी वजानी, वैष्णवी प्रजापति, वसीम मुश्ताक, सपना ठाकुर, हर्ष राजपूत, ज़ान खान, मनित जौरा और कई अन्य कलाकार शामिल हैं।



घर पर रहने और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने से ही कोरोनावायरस का संक्रमण कम किया जा सकता है। वह बताते हैं, 'एक्टर के रूप में मुझे यह जिम्मेदारी महसूस होती है कि मैं लोगों में जागरूकता फैलाऊं, जरूरतमंदों की मदद करूं और देश के कल्याण में योगदान दूं। सोशल डिस्टेंसिंग का संदेश फैलाने के लिए अपनी क्षमता के अनुरूप भरपूर प्रयास किया है। दरअसल मैं पूरी सुरक्षा अपनाते हुए अपने घर से निकला और झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोगों से मिला। उन्हें किराना सामग्री और सब्जियां वितरित कीं। उन्हें कोरोना वायरस को लेकर जागरूक भी किया ताकि वे खुद को और अपने परिवार को सुरक्षित रख सकें।'

संजय अनेक टीवी सेलिब्रिटीज़ को इस स्पेशल अपील के लिए चुना क्योंकि उन्हें पता है कि हर सेलिब्रिटी के अपने फैंस हैं। जिससे इस गाने को ज्यादा से ज्यादा दर्शकों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। संजय आगे हैं, 'जब मैंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर *घर बैठो इंडिया* गाना सुना तो मुझे महसूस हुआ कि इस वैश्विक संकट के समय ये कितना जरूरी है। मुझे लगा कि इसे पूरे देश में पहुंचाया जाना चाहिए। मैं म्यूज़िक लेवल के गायक वायरस और अनूप कुमार से मिला, वे इस गाने को जनता के बीच पहुंचाने के मेरे इस आइडिया से बेहद उत्साहित हुए।

■



'डांस इंडिया डांस' और सारेगामापा लिटिल चैम्प्स

जी टीवी अपने रियलिटी शोज के लोकप्रिय सीजन्स दोबारा दिखा रहा है। जजों की तिकड़ी टेरेंस लुइस, रेमो डिसूज़ा और गीता कपूर के साथ *डांस इंडिया डांस सीजन 2*, जिसमें 'सुनहरी तकदीर की टोपी' के लिए डांसिंग सितारे शक्ति मोहन और धर्मेश के बीच रोमांचक युद्ध हुआ था, एक बार फिर वापसी आया। इसके अलावा टेलीविजन पर सबसे लंबा चलने वाला टैलेंट आधारित रियलिटी शो *सारेगामापा लिटिल चैम्प्स* 2017 भी देखने को मिल रहा है। यह सीजन 8 महीनों तक चला था। फिक्शन प्रेमी मुस्लिम पृष्ठभूमि पर आधारित पारिवारिक शो *कुबूल है* भी देख सकते हैं। मुस्लिम परिवार की दुनिया में झांकता यह शो प्रगतिशील विचारधारा पर आधारित है। यह जोया (सुरभि) की कहानी है, जो अपने असली पिता की खोज में भोपाल आती है। *डांस इंडिया डांस* सीजन 2 प्रतिभागियों के जबर्दस्त डांस के साथ-साथ यूथ आइकन शक्ति मोहन, धर्मेश येलांडे और पुनीत पाठक का शुरुआत से सफर देखने का मौका मिलेगा।


अलीशा पंवार इन दिनों ऐसे कर रही हैं मिस

सब अपने-अपने घरों पर रहकर क्वारेंटाइन टाइम बीता रहे हैं। अलीशा पंवार अपने *मेरी गुड़िया* शो की शूटिंग को बहुत मिस कर रही हैं। अलीशा का म्यूजिक विडिओ *खामोशियां* लांच हुआ है। इस गाने की सहायता से उन्होंने अपने सोशल मिडिया अकाउंट पर वीडिओ डालते हुए मेरी गुड़िया की याद अपने फैन्स से शेयर की। अलीशा पंवार ने फैन्स को बताया कि वह *मेरी गुड़िया* को बहुत मिस कर रही हैं। उन्होंने टेलीविजन पर अपने उसी लुक को गले लगाते हुए फैन्स को यह बताने की कोशिश की कि वह माधुरी को बहुत मिस कर रही हैं। इसके बैग्राउंड में उनके नए म्यूजिक वीडिओ का गाना *खामोशियां* भी प्ले हो रहा है। अलीशा ने बताया कि मैं घर पर अपना टाइम बहुत अलग-अलग तरीके से बिता रही हूं। वीडिओज बनाकर, खूब सारा वर्क आउट करके, अपने लिए खाना पकाकर मैं खुदको व्यस्त रख रही हूं। तय हो गया कि अलीशा अपना क्वारेंटाइन टाइम इन सभी महत्वपूर्ण और एंटरटेनिंग चीजों को करके बिता रही हैं।



अक्षय सर प्रेरणा और पिता समान हैं : मोहित

एक दूजे के वास्ते 2 के सेट पर दो अलग-अलग पीढ़ियों के इन दोनों कलाकारों के बीच काफी करीबी और दोस्ताना रिश्ता बन गया है। ये दोनों कलाकार हैं मोहित कुमार यानी श्रवण और मशहूर एक्टर अक्षय आनंद, जो शूटिंग के दौरान एक-दूसरे के काफी करीब देखे जा सकते हैं। दरअसल मोहित अक्षय को पिता समान मानते हैं। उनका मानना है कि अक्षय ना सिर्फउनके अच्छे दोस्त हैं बल्कि उनके मार्गदर्शक भी हैं। दो अभागे प्रेमी- सुमन और श्रवण की प्रेम कहानी है। यह शो पूरी तरह भोपाल में शूट किया जा रहा है। इस समय सभी कलाकार अपने परिवारों से दूर रह रहे हैं ऐसे में अपने सहकर्मियों के साथ करीबी रिश्ता बन जाना स्वाभाविक है। कर्नल मोहन तिवारी का रोल निभा रहे एक्टर अहमद खान कहते हैं, हमारे लिए तो हमारी ऑनस्क्रीन फैमिली ही हमारी रियल लाइफ फैमिली है। हम साथ रहते हैं, साथ खाते हैं और साथ काम करते हैं। अक्षय आनंद के साथ अपने घनिष्ठ संबंधों को लेकर मोहित कुमार उर्फ श्रवण ने कहा, 'भोपाल में अक्षय सर मेरे सबसे बड़े सपोर्ट सिस्टम हैं। शूटिंग के लिए हम काफी समय से भोपाल में रह रहे हैं। अपने परिवारों से दूर रहना वाकई बहुत मुश्किल है लेकिन अक्षय सर ने एक बार भी मुझे अकेला महसूस नहीं होने दिया। मुझे उनके साथ शूटिंग करना बहुत अच्छा लगता है, क्योंकि सीन्स के दौरान भी मेरा मार्गदर्शन करते हैं और स्क्रीन पर बढ़िया काम करने में मेरी मदद करते हैं। इस अनजान शहर में मेरी प्रेरणा हैं और मेरे लिए पिता समान हैं।'





अनंगशा बिस्वास ने गाने से बढ़ाया मनोबल

महामारी का प्रकोप इस समय भारत सहित पूरी दुनिया को अपने चक्रव्यू में बांधे रखा है। इसके चलते लोगों को घर में रहने की हिदायते दी जा रही है ताकि महामारी को फैलने से रोका जा सकें। बॉलीवुड भी इसी अछूता नहीं है। लॉकडाउन के चलते मनोरंजन जगत के सितारे नए-नए चैलेंजेस से रुबरू कराते हुए मनोरंजन की अपनी ड्यूटी को निभा रहे हैं। *मिर्जापुर* एक्ट्रेस अनंगशा बिस्वास ने भावुक वीडियो साझा किया,। जिसमें वे पुलिस अधिकारियों और कोरोनावायरस के खिलाफ सक्रिय रूप से लड़ने वाले सभी अधिकारियों को गीत समर्पित करके धन्यवाद कर रही है।

सबसे पहले अक्षय कुमार ने *'दिल से थैंक यू'* अभियान शुरू किया, इस अभियान के द्वारा सुपरस्टार ने पुलिस, डॉक्टर, मेडिकल स्टाफ सहित सभी को धन्यवाद दिया। जो अपनी जान की परवाह किए विना, देश की सेवा में प्रयासरत है। अक्षय के अलावा और भी कई बॉलीवुड हस्तियों 'दिल से थैंक यू' कैंपेन का हिस्सा बने। अभियान में शामिल होकर आभार व्यक्त किया। जिन्होंने 'हम होंगे कामायब एक दिन' गीत गाते हुए वीडियो साझा किया। जिसमे उन्होंने कहा 'नमस्ते दोस्तो, मैं अनंगशा बिस्वास। मैं उन सभी का दिल से धन्यवाद देना चाहती हूं, जो इस भयानक परिस्थिति में देश की सेवा में व्यस्थ है। जिनमें पुलिस, मेडिकल प्रोफेशनल्स, सैनिटेशन कार्यकर्ता और अन्य शामिल है। आपका सभी का धन्यवाद, आपकी वजह से हम घर में सुरक्षित और स्वस्थ हैं। मै सभी भारतीयों से अपील करना चाहती हूं कि कृपया घर पर रहें और अपने परिवार के साथ रहें। सभी को खिलाफ लड़ने में मदद करें।' अनंगशा ने थिएटर आर्टिस्ट के रूप में शुरुआत की थी, उन्होंने कई नाटक भी किए। इसके अलावा उन्होंने कुछ शार्ट मूवीज भी की। अभिनेत्री ने अपनी प्रतिभा की सिर्फ छोटे पर्दे तक ही सीमित नहीं रखा बल्कि वह *'बेनी और बबलू'* और *'लव शव ते चिकन खुराना'* जैसी फिल्मों में भी दिखाई दी। अनंगशा को *मिर्जापुर* में जरीना की दमदार भूमिका से प्रसिद्धि मिली थी। अब वह *मिर्जापुर 2* में दिखाई देंगी।

सामाजिक भेदभाव से व्यथित अनुष्का शर्मा



समाज को बड़े पैमाने पर प्रभावित करने वाले मुद्दों पर अनुष्का शर्मा ने हमेशा से ही अपनी आवाज बुलंद की है। इस बार वे कोरोना वायरस से पीड़ित मरीजों के साथ भेदभाव न करने का आग्रह लोगों से कर रही हैं। कोविड-19 के मरीजों के साथ ही उनका इलाज कर रहे चिकित्सकों के प्रति भी हर रोज भेदभाव के मामले सामने आ रहे हैं। इतना ही नहीं कुछ डॉक्टर्स और हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स के उन क्षेत्रों में भी प्रवेश करने पर पाबंदी लगा दी गई है, जहां वे रहते हैं, जबकि उन पर तो काम करने के दौरान हमला तक किया गया है। रोगियों के साथ ही अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की जान बचाने का काम कर रहे डॉक्टर्स के प्रति सहानुभूति की कमी से अनुष्का दुखी हैं। अनुष्का ने सोशल मीडिया के जरिए तत्काल ध्यान दिए जाने की आवश्यकता वाले इस मुद्दे पर अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस रोगियों और इनकी देखभाल कर रहे कुछ चिकित्सा पेशेवरों के साथ भेदभाव करने संबंधी रिपोर्ट को पढ़कर वे आंतरिक तौर पर व्यथित हैं। अभिनेत्री चाहती हैं कि सभी नागरिक रोगियों और चिकित्सा पेशेवरों के प्रति संवेदनशीलता बरतें और ऐसे समय में भारत को कंधे से कंधा मिलाकर चलने का आह्वान करें। इस तरह के समय में हमें एक दूसरे की परवाह करना और दूसरों की तकलीफ के प्रति संवेदनशील होना महत्वपूर्ण है। वे कहती हैं, अपने सहयोगी नागरिकों के साथ असम्मान और भेदभावपूर्ण व्यवहार न करें क्योंकि यह एकजुट रहने और एक साथ चलने का समय है।

प्रणति राय प्रकाश

फिट रहने की तरकीब

देश भर में लोग घर में रहकर फिट रहने के विकल्प तलाश रहे है। प्रणति राय प्रकाश इन दिनों अपनी फिटनेस को लेकर काफी सतर्क है। प्रणति ने प्रसंशको के लिए फिटनेस वीडियो अपलोड किया। ताकि वे घर में रहकर इस वीडियो को फॉलो करते हुए फिट रह सके। *मनफोडगंज की बिन्नी* में बिन्नी का करैक्टर देसी और प्रगतिशील विचारधारा का आदर्श मिश्रण है। इस किरदार को सभीका काफी प्यार मिल रहा है। इन दिनों में एमएक्स प्लेयर पर ट्रेंड कर रहा है। *लव आजकल 2* में नजर आ चुकी प्रणति ने लॉकडाउन के दौरान किया जा सकने वाला वर्कआउट रुटीन ले कर आई है। प्रणति ने अपने वीडियो में 8 आसनों की सीरीज बनाई है। जिसे सिर्फ 5 मिनट के अंदर किया जा सकता है। उन्होंने कहा'मेरे दैनिक वर्कआउट की झलक मेरे प्रसंशको के लिए! मैं अब अपना वर्कआउट आप सबके साथ शेयर कर रही हूं ताकि अपनी बढ़ रही कैलोरी पर नजर रख सकें। यह विभिन्न अभ्यासों का मिक्सचर है, जो मुझे लगता है कि पूरे शरीर को लक्ष्य करता है। वीडियो बहुत लंबा नही है। इसके अलावा, हर आसन को अच्छी तरह से बनाए रखने की कोशिश की है। मुझे एक्सपेरिमेंट करना और ट्विस्ट करना पसंद है। मुझे यकीन है कि यह आपकी मदद करेगा। जरुरी बात अपने लिए सुरक्षित स्थान खोज ले। बहुत प्यार! ध्यान रखिए।'

उनकी योग मुद्राएं आसान थीं परन्तु ये छोटी छोटी चीजें बहुत आगे लेकर जाती हैं। इंडियाज नेक्स्ट टॉप मॉडल 2016 की विजेता के रूप में अपने करियर की शुरुआत करने वाली प्रणति राय प्रकाश रचना सिंह की किताब *बैंड बाजा बॉयज* से ली गई सीरीज में है। शो अमितोष नागपाल द्वारा लिखा गया है और विकास चंद्र द्वारा निर्देशित है। 10 एपिसोड की श्रृंखला में अतुल श्रीवास्तव, अल्का कौशल, कृतिका, फहमान खान, अनुराग सिन्हा, अभिनव आनंद, समर वर्मी प्रमुख भूमिकाओं में है।

1. जॉगिंग के साथ वार्म-अप, 2. पुश-अप, 3. माउंटेन क्लाइम्बर, 4. प्लांक ट्विस्ट, 5. साइड प्लांक विथ हिप, 6. स्ट्रेचिंग, 7. योगासन, 8. स्प्लिट

अशनूर कौर की स्कूल की ऑनलाइन क्लास



पटियाला बेब्स की मिनी यानी अशनूर कौर हमेशा अपने स्कूल की होनहार विद्यार्थी रही है। वह बहुत जल्दी चीजें सीख जाती है। उन्होंने अपने एक्टिंग करियर का भी संतुलन बखूबी बना रखा है। उन्होंने हमेशा सुनिश्चित किया है कि चाहे कुछ भी हो जाए उनकी पढ़ाई प्रभावित नही होनी चाहिए। उनके पैरेंट्स ने भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जो हमेशा यह सुनिश्चित करते है कि अशनूर पढ़ाई के लिए समय निकालें। अशनूर सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो पटियाला बेब्स में मिनी का लीड रोल निभा रही है। इस समय सभी स्कूल बंद है, वही बहुत-से विद्यार्थियों ने ऑनलाइन क्लासेस शुरू कर दी है ताकि वे अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। अशनूर के स्कूल ने भी ऑनलाइन कक्षाएं शुरू की। आज्ञाकारी स्टूडेंट होने के नाते अशनूर भी इस ऑनलाइन क्लास में शामिल हो गई हैं। ना सिर्फ कक्षाएं अटैंड कर रही है बल्कि सारे महत्वपूर्ण विषयों के जरूरी पॉइंट्स भी ले रही है। जो भविष्य में उनकी परीक्षा में काम आएंगे। अशनूर ने कहा, 'जब मेरे स्कूल ने घोषणा की कि ऑनलाइन क्लासेस शुरू कर रहे है तो मैं बहुत उत्साहित हो गई। क्योंकि यह पहली बार है जब मैं अपनी पढ़ाई के लिए ऑनलाइन क्लास अटैंड कर रही हूं। इससे हमें अपनी पढ़ाई पर फोकस करने में मदद मिलेगी और हमें विषयों पर उचित मार्गदर्शन भी मिलेगा। खासतौर से तब, जब हमें कोई मुश्किलें हों। इसमें सभी टीचर्स हमारा हौसला बढ़ा रहे है और हमारे सारे प्रश्नों का उत्तर दे रहे हैं। ये साल भी मेरे लिए बहुत जरूरी है। मैं इस साल भी अच्छे मार्क्स लाने के लिए अपना 200 प्रतिशत देना चाहती हूं।'

ऑफिस-ऑफिस



पागलपंती, ठहाकों और नॉन-स्टॉप मनोरंजन के सफर पर ले जाने के लिये सोनी सब सदाबहार क्लासिक सीरीज ऑफिस ऑफिस' लाया है। पंकज कपूर इस शो में आम आदमी मुसद्दी लाल त्रिपाठी की भूमिका में है। ऑफिस के बाकी स्टाफ के रूप में असावरी जोशी उर्फ ऊषा मैडम, संजय मिश्रा उर्फशुक्ला, देवेन भोजानी उर्फपटेल, मनोज पाहवा उर्फभाटिया, हेमंत पाण्डे उर्फपांडे और ईवा ग्रोवर यानी टीना मनोरंजन करने फिर से लौट आये है। ये लोग ऑफिस का ऐसा माहौल लेकर आ रहे है, जो आपको कहीं और नहीं मिलेगा! ऑफिस के ये चहेते कर्मचारी टेलीविजन के परदे की रौनक बढ़ा रहें हैं। इसका प्रसारण सोमवार से शुक्रवार, शाम 6 बजे और रात 10.30 बजे हो रहा है। यह कॉमेडी शो हर पीढ़ी के दर्शकों के लिये है। *ऑफिस-ऑफिस* की कहानी मुसद्दी लाल और ब्यूपरोक्रेट्स के साथ उसकी जद्दोजेहद के इर्द-गिर्द घूमती है। वह ऐसे ऑफिस से अपना काम पूरा करवाने का जिम्मा उठाता है, जो अजीबोगरीब कर्मचारियों से भरा हुआ है। इनकी हरकतें अजीबो-गरीब होते हुए भी मजेदार और अनूठी हैं। मूल रूप से 2001 में प्रसारित हुए इस शो में कॉमेडी को नये रूप में पेश किया गया था। इसे बखूबी अलग-अलग एपिसोड में तैयार किया गया था। अलग-अलग किरदारों से सजा यह शो प्रासंगिक था। हर किरदार के लिये चिरपरिचित तकिया कलाम के साथ बिलकुल सही भूमिका लिखी गयी थी, जैसे ऊषा मैडम का 'वही तो' और पटेल जी का 'दो बातें।



भाटिया की भूमिका निभा रहे मनोज पाहवा कहते हैं, 'यह सोचकर अच्छा लगता है कि आपने ऐसे शो के लिये इतनी मेहनत की, जो अपने समय में इतना सफल रहा। अब यह शो मनोरंजन के लिये वापस लौटा है। जिन लोगों को यह शो पहले भी पसंद आया, वे उन यादों को फिर से ताजा कर पायेंगे और जिन्होनें ने इसे नही देखा लेकिन इसके बारे में सुना है, उन्हें इसे देखने का मौका मिलेगा। वे वाकई काफी सुनहरे दिन थे। इतने शानदार कलाकारों के साथ शूटिंग करने का अनुभव काफी अच्छा था। पूरी टीम के साथ मेरा रिश्ता बहुत अच्छा था। खासतौर से मुझे पंकज कपूर सर से काफी कुछ सीखने को मिला। वह हमारे सीनियर थे। पूरी टीम के बीच अच्छा तालमेल था, जिसकी वजह से हमें सेट पर जाने का इंतजार रहता था और शूटिंग के दौरान काफी मजा आता था। कमाल की यादें हैं।



पांडे जी की भूमिका निभा रहे, हेमंत पाण्डे कहते है, 'मेरी खुशी का ठिकाना नही कि जो शो मेरे मेरे दिल के इतने करीब है, वह वापस आ गया है। *ऑफिस-ऑफिस* की वापसी का समय बिलकुल सही है क्योंकि मुश्किल की इस घड़ी में पूरा परिवार एकसाथ मिलकर ऐसा शो देख सकता है, जो केवल मुस्कान ही लेकर आयेगा। जैसा मेरे साथी पटेल जी कहते थे, 'अब तो दो बातें होंगी'- यह शो लोगों को पुरानी यादों में लेकर जायेगा। आज की पीढ़ी के दर्शकों को ऐसी कॉमेडी का अनुभव करायेगा, जो उन्होंने इससे पहले कभी नही किया। इस शो से मेरी काफी अच्छी यादें जुड़ी है।



पटेल की भूमिका निभा रहे देवेन भोजानी कहते है, 'मैं बहुत खुश हूं कि मेरे दो शो *भाखरवड़ी* और *ऑफिस-ऑफिस* प्रसारित हो रहे है। बहुत अच्छा लग रहा है। लगभग दो दशक के बाद यह वापस लौट रहा है। उस समय यह शो जितना प्रासंगिक था, आज के दौर में भी है। आम आदमी को कितना संघर्ष करना पड़ता है, जब उसे अपना कुछ महत्वपूर्ण काम भ्रष्ट लोगों के बीच करवाना पड़ता है।'

ऊषा मैडम की भूमिका निभा रहीं, असावरी जोशी कहती है, 'दो दशक के बाद हम वापस आये हैं। अभी बहुत ही मुश्किल और चुनौतीपूर्ण वक्त से गुजर रहे हैं। इस माहौल को सबके लिये थोड़ा आसान बनाने और खुशियां फैलाने के लिए आये है। यह सोचकर बहुत आश्चार्य होता है कि इस बात को 20 साल हो गये। जब हमने इस शो की शूटिंग शुरू की थी। बेहद काबिल कलाकारों में ज्यादातर थियेटर से जुड़े हुए थे। मेरा यह मानना है कि जब थियेटर के लोग किसी प्रोजेक्ट के साथ जुड़ते है तो जादू होता है।



■ बिमला